हालात चिंताजनक

सार्वजनिक स्थानों पर भी पेयजल की गुणवत्ता सवालों के घेरे में

# करोड़ों में शुल्क वसूली, फिर भी शुद्ध पेयजल की गारंटी नहीं



**जबलपुर, नवभारत।** नगर के ज्यादातर इलाकों में आज भी पेयजल की पाइप लाइन नाले नालियों के भीतर से होकर गुजर रही हैं, परिणाम स्वरूप घरों में मटमैला, दूषित पानी आने की शिकायत रोज निगम की चौखट से लेकर अन्य फोरम पर पहुंच रही हैं। जिसके जवाब में विगत कुछ दिनों पहले निगम द्वारा अपनी ही प्रयोगशालाओं में पानी की जांच कर गुणवत्ता सही बताकर खुद की पीठ थपथपा रही थी। लेकिन आज भी शहर के कई इलाकों में पेयजल की गुणवत्ता सवालों के घेरे में है। जिसको लेकर विपक्ष ने भी आक्रामक रुख अपना लिया है। मालूम हो कि कांग्रेस पार्टी द्वारा वार्ड स्तर पर पानी के सैम्पल लेने जल क्रांति अभियान भी शुरू किया है।

### करोड़ों में वसूलते है शुल्क

बता दे कि नगर में लगभग पौने दो लाख नल कनेक्शन और चौदह लाख जल उपभोक्ता है। जिनसे लगभग 40 करोड़ रुपये का सालाना जल शुल्क निगम के द्वारा वसूला जाता है। परंतु लोगों को घर पर शुद्ध पेय जल मिलेगा इसकी कोई गारंटी नहीं रहती है।

### सार्वजनिक स्थानों के हाल भी बेहाल

लोगो के घर तो एक तरफ शहर के सार्वजनिक स्थान जहां हजारों लोग दिनभर में अपनी प्यास बुझाते है। उन जगहों पर भी नवभारत द्वारा एक स्टिंग ऑपरेशन चलाकर पेयजल की जांच की गई जिसमें परिणाम चौंकाने वाले निकल कर आए। शहर के बस स्टैंड, अस्पताल और रेलवे स्टेशन पर पेयजल गुणवत्ता, सफाई और निगरानी की पोल खुल गई। जहां रोज हजारों लोग सार्वजनिक नलों और वाटर कूलरों का सहारा लेते हैं, उन्हीं जगहों पर पीने के पानी की गुणवत्ता सवालों के घेरे में है। कुछ जगह पेयजल के स्थान पर गंदगी भी पाई गई बात करे अगर जिला अस्पताल की तो यहां नल से निकलने वाले पानी में टीडीएस 180, ऑक्सीजन 6 और पीएच लेवल 7 मिला। इसके बाद आईएसबीटी बस स्टैंड के नल से निकलने जल में ऑक्सीजन 7.2, पीएच 6 और टीडीएस 250 मिला।

### यहां बनी रहे कड़ी नजर

नगर में सबसे ज्यादा चहल पहल वाले क्षेत्र जिनमें बस स्टैंड आईएसबीटी, रेलवे स्टेशन और जिला अस्पताल, एवं अन्य सरकारी विभागों में हजारों की संख्या में लोग पहुंचते है। यही का पानी पीकर अपनी प्यास बुझाते है। अगर ऐसे स्थानों में पानी की गुणवत्ता, सफाई और रखरखाव में खामियां उजागर होंगी तो यह एक बड़ी चिंता का विषय बन जाएगा।

**फैक्ट फाइल**

- पेयजल के मानक
- प्रति लीटर के हिसाब से
- ऑक्सीजन स्तर 6.5 से 8 मि.ग्रा.
- टीडीएस 500 मि.ग्रा.
- पीएच वैल्यू 6.5 से 8.5
- अब सवाल क्या है टीडीएस ?
- पेयजल के लिए आदर्श टीडीएस 50-150 पीपीएम होता है। 150 से अधिक टीडीएस होने पर स्वाद बिगड़ने लगता है और स्वास्थ्य पर असर पड़ सकता है।

**परिणाम**

पेयजल में टीडीएस अधिक होने से गुर्दे की पथरी, पेट की समस्याएं, त्वचा व बालों से जुड़ी दिक्कतें हो सकती हैं। वही पीएच कम होने पर पानी खट्टा लगता है और दांत व पेट पर असर पड़ता है।

**इनका कहना है**

शहर के हर संभाग में पाइप लाइनों में सुधार कार्य किए जा रहे है। निगम का अमला दिनरात इसपर कार्य कर रहा है।

**कमलेश श्रीवास्तव**
**कार्य यंत्री, नगर निगम**

## सीधी भर्ती का विज्ञापन जारी किये जाने को चुनौती, जवाब मांगा



**जबलपुर।** मध्य प्रदेश कर्मचारी मंडल के द्वारा पदोन्नति के लिए निर्धारित पदों के लिए सीधी भर्ती का विज्ञापन जारी किये जाने को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गयी थी। हाईकोर्ट जस्टिस विशाल धगट की एकलपीठ ने याचिका की सुनवाई करते हुए अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिका पर अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद निर्धारित की गयी है। डॉ डॉक्टर श्वेता ठाकुर, डॉक्टर गायत्री वर्मा व अन्य की तरफ से दायर की गयी याचिका में कहा गया है कि मध्य प्रदेश कर्मचारी मंडल द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडीकल के एसोसियेट प्रोफ़ेसर के 40 दों पर सीधी भर्ती से नियुक्ति हेतु विज्ञापन निकाला गया है। उक्त 40 पद वर्ष 2024 में स्वीकृत हुए थे और उन्हे पदोन्नत्ति से ही भरे जाने है। एसोसियेट प्रोफ़ेसर के पद पर असिसटेंट प्रोफ़ेसर पर कार्यरत शिक्षकों को पदोन्नत किया जा सकता है। वर्तमान में नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज जबलपुर में लगभग 12 महिलायें असिसटेंट प्रोफ़ेसर के रूप में कार्यरत है। जिनके पास आवश्यक योग्यता एवं अहर्ता है। याचिका की सुनवाई के दौरान राज्य शासन की तरफ से याचिका पर आपत्ति करते हुए एकलपीठ को बताया कि पदोन्नति से पद नहीं भरे जाने की स्थिति में सीधी भर्ती कर सकते है। याचिकाकर्ताओं की तरफ से तर्क दिया गया कि उन्हें पदोन्नति नही करने का कोई कारण नहीं बताया गया है। योग्यता के आधार पर पदोन्नति पाने की हकदार है और उनसे कार्य लिया जा रहा है। याचिका की सुनवाई के बाद एकलपीठ ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

## अवैध नल कनेक्शनों को वैध कराने 23 को लगेगा शिविर

**नवभारत, जबलपुर।** नगर निगम के अंतर्गत संभाग क्रमांक 5 बल्देवबाग के अंतर्गत निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार, कस्तूरबा गांधी वार्ड क्रमांक 20 सर्वोदय नगर में नल कनेक्शनों के नियमितीकरण के लिए एक विशेष शिविर का आयोजन 23 जनवरी 2026 दिन शुक्रवार समय - सुबह 10:00 बजे से दोपहर 03 बजे तक संजय गांधी कॉलेज के समीप किया जा रहा है। इस संबंध में संभागीय अधिकारी अनुपम शुक्ला ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में चल रहे अवैध नल कनेक्शनों को वैध करना और नए कनेक्शन प्रदान कर नागरिकों को राहत प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि शिविर में नागरिक न केवल अपने कनेक्शनों को नियमित करा सकेंगे, बल्कि बकाया जलशुल्क की राशि भी जमा कर सकेंगे। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने समस्त नागरिकों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुँच कर अवैध नल कनेक्शन को वैध कराएं।

## मुनाफे के लालच में गवां दिए 4 .65 लाख

ट्रेडिंग कंपनी मालिक के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज



**जबलपुर।** ट्रेडिंग कंपनी के मालिक ने मुनाफे का लालच देकर चार लोगों को 4 लाख 65 हजार की चपत लगा दी। माढ़ोताल पुलिस ने रिपोर्ट पर धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि सतेन्द्र पटेल 36 वर्ष निवासी पिपरिया बनिखेड़ा माढ़ोताल ने लिखित शिकायत की कि वह खेती किसानी करता है 1 वर्ष पहले उसके परिचित के मोह. आयूब निवासी भूमि विकास कालोनी संजीवनी हास्पिटल गोहलपुर के माध्यम से ट्रेडिंग की जानकारी प्राप्त हुयी कि न्यूवे ट्रेडिंग कम्पनी के माध्यम से पैसे लगाने पर 12 प्रतिशत प्रोफिट मूल रकम में जमा की हुई राशि पर प्रतिमाह मिलता है फिर उसने न्यूवे कम्पनी में 5 हजार रूपये इनवेस्ट किया तो उसे प्रोफिट मिला, उसने सी.एम.डी कम्पनी के मालिक कोशिक सरकार (खुर्सीद खान) के मोबाइल पर बात की तो सीएमडी ने बताया कि जितना आप जमा करोंगे उसका 12 प्रतिशत प्रत्येक माह मिलेगा वह उनकी बातों में आकर तीन महिनों में अपनी यूपीआईडी से कम्पनी एकाउण्ट नम्बर पर उसके द्वारा 3 लाख रूपये ट्रांसफर कर दिये गये इसके बाद मई 2025 को कम्पनी का एकाउण्ट फ्रीज हो गया इसके बाद उसे प्रोफिट नहीं हुआ इसी तरह उसके दोस्त मोह. आयूब के 5 हजार रूपये जियोद्दीन अंसारी के 10 हजार रूपये, अली असगर के 1 लाख 50 हजार रूपये कम्पनी के अकाउण्ट मे डाले गये हैं जिनका भी प्रोफिट नहीं हुआ है हमारे द्वारा सीएमडी कम्पनी के मालिक कौशिक सरकार (खुर्सीद खान) से बात की गई जो एकाउण्ट फ्रीज होने की बात कहकर पैसे देने से टालमटोल कर रहा है। शिकायत पर कम्पनी के सीएमडी के मालिक कौशिक सरकार (खुर्सीद खान) के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली गई हैं।

## दो युवकों, एक महिला ने की खुदकुशी

**जबलपुर।** ग्वारीघाट एवं बेलखेडा थाना क्षेत्र में रहने वाले दो युवकों ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली तो संजीवनी नगर में एक महिला फांसी के फंदे पर झूल गई। मृतकों ने यह आत्मघाती कदम किन परिस्थितियों में उठाया इसका फिलहाल पता नहीं चल सका है पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है।

ग्वारीघाट पुलिस ने बताया कि सोमवार शाम नरेन्द्र रैदास 35 वर्ष निवासी समता शांतिनगर गोहलपुर ने सूचना दी कि कंचनपुर रेतनाका में ग्वारीघाट में उसका भाई जितेन्द्र रैदास 33 वर्ष किराये से रहता है जिसनें अपने किराये के मकान ग्वारीघाट में फांसी लगा ली। इसी प्रकार बेलखेड़ा थाने में बद्री चक्रवर्ती 50 वर्ष निवासी ग्राम पथरिया ने सूचना दी किद सोमवार दोपहर लगभग 2 बजे उसके छोटा भाई नोखेलाल 35 वर्ष ने कमरे छत मे लगे लोहे के एंगल में सफेद गमछा बांध कर फांसी लगा ली। इसी तरह संजीवनी नगर थाने में आशीष विश्वकर्मा 28 वर्ष निवासी गुरहा तालाब गंगा नगर ने सूचना दी कि पत्नि रोशनी विश्वकर्मा ने घर में पंखे में स्टॉल से फांसी लगाकर जान दे दी ।

## फूड ग्रेन में 51 प्रतिशत माल लदान किया

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक के निरंतर मॉनेटरिंग में पश्चिम मध्य रेल पर गुड्स ट्रैफिक एवं कमोडिटी वाइज फ्रेट लोडिंग बढ़ाने के उद्देश्य से समय-समय पर विभिन्न बैठकें आयोजित की जाती हैं। इसी कड़ी में वाणिज्य परिचालन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा जबलपुर, भोपाल एवं कोटा तीनों मण्डलों में कमोडिटी वाइज फ्रेट लोडिंग को बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। जिसके परिणामस्वरूप पश्चिम मध्य रेल ने दिसम्बर माह में गुड्स ट्रैफिक में 5.36 मिलियन टन फ्रेट लोडिंग की और 572 करोड़ 57 लाख रूपये राजस्व अर्जित किया है। इसी माह में गत वर्ष से तुलना करे तो गुड्स ट्रैफिक में लगभग 08 प्रतिशत फ्रेट लोडिंग और रेल राजस्व में 17 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। लौह अयस्क (आयरन ओर) लोडिंग में 0.15 मिलियन टन माल लदान किया जो इसी माह पिछले वर्ष 0.08 मिलियन टन माल लदान की तुलना में 87.65 प्रतिशत अधिक है। फ़ूड ग्रेन लोडिंग में 0.63 मिलियन टन माल लदान किया जो इसी माह पिछले वर्ष 0.42 मिलियन टन माल लदान की तुलना में 51.32 प्रतिशत अधिक है। क्लिंकर लोडिंग में 1 मिलियन टन माल लदान किया जो इसी माह पिछले वर्ष 0.08 मिलियन टन माल लदान की तुलना में 24.75 प्रतिशत अधिक है। कोल लोडिंग में 1.37 मिलियन टन माल लदान किया जो इसी माह पिछले वर्ष 1.17 मिलियन टन माल लदान की तुलना में 17.21 प्रतिशत अधिक है। पीओएल (पेट्रोलियम, आइल एवं लुब्रिकेंट) लोडिंग में 0.08 मिलियन टन माल लदान किया जो इसी माह पिछले वर्ष 0.07 मिलियन टन माल लदान की तुलना में 10.29 प्रतिशत अधिक है।

## फरार बदमाश को बल्देवबाग से उठा कर ले गई कटनी पुलिस

**जबलपुर।** लंबे समय से फरारी काट रहे बदमाश की तलाश में कटनी पुलिस ने जबलपुर में दबिश दी और बल्देवबाग से आरोपी को उठा कर अपने साथ ले गई।

जानकारी के मुताबिक कोतवाली कटनी के विभिन्न मामलो में लंबे समय से अमित रोहरा पिता गुलाब रोहरा निवासी संत नगर सावरकर वार्ड थाना कोतवाली कटनी का फरार था। आरोपी के खिलाफ विभिन्न न्यायालय से 6 स्थाई गिरफ्तारी वारंट जारी किये गये थे। फरार आरोपी के बल्देवबाग जबलपुर में होने की सूचना पुलिस ने जबलपुर में दबिश दी और अमित रोहरा पिता गुलाब रोहरा 27 वर्ष निवासी संतनगर रेल्वे लाईन के पास कोतवाली कटनी को बल्देवबाग से गिरफ्तार कर ले गई। आरोपी को न्यायालय द्वारा जेल वारंट जारी किया गया है जिस पर आरोपी को जेल दाखिल कराया गया है।

## स्टेशन पर बुजुर्ग महिला को त्वरित मिली चिकित्सा सहायता

**जबलपुर।** सोमवार 19 जनवरी को गाड़ी संख्या 61618 कटनी-इटारसी मेमो के जबलपुर रेलवे स्टेशन आगमन पर प्लेटफार्म क्रमांक 1 पर उतरते समय एक बुजुर्ग महिला यात्री छोटी बाई (आयु 65 वर्ष), निवासी भानतलैया, जबलपुर असंतुलित होकर गिर गईं, जिससे उन्हें कूल्हे एवं कमर में गंभीर चोट आई। घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे की चिकित्सा एवं वाणिज्य टीम द्वारा तत्परता दिखाते हुए ईएमआर डॉ. संजय, उप स्टेशन अधीक्षक हेमंत एवं स्टेशन मास्टर संजय जायसवाल द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर प्राथमिक उपचार प्रदान किया गया। इसके पश्चात 112 सेवा के माध्यम से एंबुलेंस की व्यवस्था कर घायल यात्री को अग्रिम उपचार हेतु जिला चिकित्सालय (विक्टोरिया), जबलपुर भेजा गया। रेलवे प्रशासन द्वारा की गई इस त्वरित एवं समन्वित कार्रवाई से घायल यात्री को समय पर चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई जा सकी।

### जबलपुर से होते हुए कानपुर सेंट्रल-एलटीटी स्पेशल ट्रेन

रेल यात्रियों की सुविधा और यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से रेल प्रशासन द्वारा गाड़ी संख्या 04151/04152 कानपूर सेंट्रल-लोकमान्य तिलक टर्मिनस-कानपुर सेंट्रल के बीच अतिरिक्त पाँच-पाँच ट्रिप स्पेशल फेयर पर सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन चलाई जाएगी। इस स्पेशल ट्रेन का पश्चिम मध्य रेल के सतना, कटनी, जबलपुर एवं इटारसी के स्टेशनों के यात्रियों को भी लाभ मिलेगा गाड़ी संख्या 04151 कानपूर सेंट्रल-एलटीटी स्पेशल ट्रेन प्रत्येक शुक्रवार दिनाँक 30 जनवरी से 27 फरवरी तक कानपूर सेन्ट्रल स्टेशन से दोपहर 13:00 बजे प्रस्थान कर सतना रात 21:05 बजे, कटनी 22:20 बजे, जबलपुर 23:30 बजे, पहुँचकर अगले दिन इटारसी 03:25 बजे और शनिवार दोपहर 14:55 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनस पहुँचेगी।

## सड़क हादसे में युवक-बुजुर्ग की मौत

**जबलपुर।** तिलवारा थाना अंतर्गत चरगवां मोड़ के पास हुए सड़क हादसे में घायल बुजुर्ग ने इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज में दम तोड़ दिया वहीं हाउसिंग बोर्ड अधारताल में हुए एक्सीडेंट में युवक की मौत हो गई। तिलवारा पुलिस के मुताबिक सोमवार को राजेश वर्मा 46 वर्ष निवासी रामनगर शाहनाला ने सूचना दी कि उसके पिता सत्यभान वर्मा 73 वर्ष को दोपहर 2 बजे विष्णु ढाबा के सामने चरगवां मोड़ के पास सड़क दुर्घटना में घायल होने से उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था दौरान उपचार के रात लगभग 1-30 बजे उसके पिता की मौत हो गई ।वहीं प्रिंस दाहिया 22 वर्ष निवासी गौतम नगर महारापुर थाना अधारताल का रविवार रात्रि 10 बजे व्हीकल मोड पटेल मोहल्ला बावली मंदिर के सामने हाउसिंग बोर्ड अधारताल में एक्सीडेंट हो गया जिसे उपचार के लिए रात्रि 11 बजे मेडिकल कॉलेज ले जाया गया जहां डाक्टर ने परीक्षण उपरांत प्रिंस दाहिया को मृत घोषित कर दिया

## पतियों की प्रताड़ना से तंग आ गई पत्नियां

सिहोरा-मझोली में दर्ज हुई दो एफआईआर

**जबलपुर। पतियों, सास की प्रताड़ना से दो पत्नियां तंग आ गई ।सिहोरा एवं मझोली थाने में प्रताड़ना की दो एफआईआर दर्ज हुई है।**

सिहोरा पुलिस ने बताया कि श्रीमति शक्ति तिवारी 31 वर्ष कंकाली मोहल्ला सिहोरा ने शिकायत की कि उसकी शादी 22 मई 2013 में मुकेश तिवारी निवासी सरसवाही जिला कटनी के साथ रीतिरिवाज से हुई थी। जिससे उसके 2 बच्चे हैं, शादी के लगभग 5-6 माह बाद से ही पति घरेलू बातों को लेकर शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताडित करने लगा, उसके माता पिता ने पति को समझाया लेकिन सुधार नहीं आया।

इसी प्रकार मझोली थाने में श्रीमति निधि शुक्ला 24 वर्ष निवासी नया गॉव मझोली ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि उसकी शादी ग्राम बिछिया जिला कटनी निवासी नवनीत गर्ग से मई 2023 को रीतिरिवाज से हुई थी। शादी में सामर्थ्यानसुार जेवर एवं गृहस्थी का सामान दिया था। शादी के अगले दिन है सास पुष्पा बाई गर्ग शादी में कम दहेज मिलने का ताना देकर प्रताडित करने लगी, धीरे धीरे पति एवं सास और ज्यादा प्रताडित करने लगे है।

## माढ़ोताल-पनागर में चाकूबाजी, चार घायल

**जबलपुर।** पनागर एवं माढ़ोताल में हुई चाकूबाजी में चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने दोनों ही मामलों में आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक प्रेमलाल कोल 30 वर्ष निवासी ग्राम बिछुआ ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि राहुल कोल उससे शराब पीने के लिये रूपये मांगने लगा, रूपये देने से मना करने पर उस पर चाकू से हमला कर चोटें पहुंचा दी। वहीं माढ़ोताल थाने में अन्नू चौधरी 19 वर्ष निवासी गली नम्बर 5 राजीवगांधी नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि पुरूषोत्तम चौधरी, सोनू चौधरी, बालचंद चौधरी उससे शराब पीने के लिये पैसे मांगने लगे, मना करने पर सभी ने उसके साथ मारपीट किए। पुरूषोत्तम ने चाकू से हमलाकर गंभीर चोट पहुंचा दी।साथी बीच बचाव करने आये तो उनके साथ भी मारपीट की जिससे अजय चौधरी, विजय चौधरी को भी चोटें आ गई।

### झपट्टा मारकर मैकेनिक से लूट

**जबलपुर।** अधारताल थाना क्षेत्र में एक्टिवा सवार लुटेरों ने झपट्टा मारकर मैकेनिक का मोबाइल लूट लिया। पुलिस ने बताया कि राधेश्याम प्रजापति 40 वर्ष निवासी नेता कालोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह फोर व्हीकल मैकेनिक है। बीती रात लगभग 9 बजे सीएम राईज स्कूल शुलभ काम्पलेक्स के पास नेता कालोनी से घर जाते समय अपने मोबाइल से अपने बेटी से बात कर रहा था तभी पीछे से आ रही सफेद रंग की एक्टिवा में सवार 3 लड़के आये और पीछे बैठे लड़के ने उसका मोबाइल झपट लिया एवं तीनों तेजी से भाग गये।

बैठक

संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा में कलेक्टर ने दिए सख्त निर्देश

# लंबित प्रकरणों का निराकरण व योजनाओं में गति लाएं



**नवभारत, जबलपुर।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को लंबित पत्रों एवं संकल्प से समाधान अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों को प्राप्त आवेदनों के समय-सीमा में निराकरण और योजनाओं में अपेक्षित प्रगति लाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुँचे, इसके लिए अधिक से अधिक आवेदन प्राप्त कर उनका त्वरित निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने आवेदनों की एंट्री के साथ निराकरण की स्थिति दर्ज करने, शिविरों में बैनर लगाने एवं फोटोग्राफ लेने के भी निर्देश दिए।

बैठक में आयुष्मान भारत, सामाजिक सुरक्षा, किसान क्रेडिट कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, उद्यम संस्कार शिविर, गौशालाएं, खाद्य सुरक्षा, पीएम सूर्यघर, धान उपार्जन, भू-अर्जन सहित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की गई। दिव्यांगजनों के चिन्हांकन एवं सहायक उपकरण वितरण हेतु शिविर लगाने पर भी जोर दिया गया। इसके साथ ही मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण और सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा कर प्राथमिकता से निराकरण के निर्देश दिए गए। बैठक में सीईओ जिला पंचायत अभिषेक गहलोत सहित सभी जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

### खनिज ब्लॉकों की नीलामी को लेकर हुई चर्चा

कलेक्टर राघवेंद्र सिंह की अध्यक्षता में जिले के मुख्य खनिज ब्लॉकों की नीलामी के लिए गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पनागर तहसील के कटैया क्षेत्र में आयरन ओर एवं मैगनीज ब्लॉक पर चर्चा की गई। इसके साथ ही मझौली तहसील के खुड़ावल में आयरन ओर, मैगनीज व लेटराइट तथा ग्राम दर्शनी, गुरजी, रहताखमरिया, खुड़ावल, गौरहा भिटौनी और बंधा के खनिज ब्लॉकों पर विचार-विमर्श किया गया। सिहोरा तहसील के ग्राम झीटी एवं कोड़ामुकर में आयरन ओर ब्लॉक के संबंध में भी चर्चा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में खनिज ब्लॉकों की नीलामी प्रक्रिया को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। इस अवसर पर सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे ।लंबित प्रकरणों का निराकरण व योजनाओं में गति लाएं

## पेट में हुई जलन, वृद्ध ने खाई गोली, मौत

**जबलपुर।** गोहलपुर थाना अंतर्गत राजुल ग्रीन सिटी अमखेरा में रहने वाले एक वृद्ध ने पेट में जलन होन पर अज्ञात गोली का सेवन किया जिसके बाद उसकी तबियत बिगड़ गई। परिजन उसे उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक सोमवार को मेडिकल कॉलेज से सूचना मिली कि गणेश चौधरी 50 वर्ष निवासी राजुल ग्रीन सिटी अमखेरा थाना गोहलपुर को रविवार शाम लगभग 7 बजे घर पर पेट में जलन होने से किसी अज्ञात गोली खाने से उपचार के लिए बेटी सुनिंदा चौधरी द्वारा रात्रि में भर्ती कराया गया था दौरान उपचार के रात लगभग 1-30 बजे मौत हो गई।

## दो सूने घरों पर चोरों का धावा लाखों का माल ले गए चोर



**जबलपुर।** अधारताल थाना अंतर्गत महराजपुर और पुराना कंचनपुर में चोरों ने एक सूने मकान का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवरात समेत लाखों का माल चुराकर ले गए। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर पतासाजी शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि रोहित पटेल 31 वर्ष निवासी रेवा नगर महराजपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वे परिवार सहित सामाजिक कार्यक्रम में गया था जब घर वापस आकर देखा तो मेन दरवाजे का ताला टूटा था अंदर जाकर देखा सामान बिखरा हुआ था आलमारी का लॉक एवं रैक के उपर रखी पेटी का ताला भी टूटा था जिनमें रखे सोने, चांदी के जेवरात0नगदी लगभग 80 हजार रूपये गायब थे। इसी प्रकार श्रीमती क्रिस्टीना राज 48 वर्ष निवासी मोतीनगर जैन हास्पिटल रोड़ बालघाट ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका मायका पोस्ट आफिस के पीछे शारदा होम्स ब्लाक पुराना कंचनपुर अधारताल में है जहां उसके माता पिता रहते हैं। माता पिता घर में ताला लगाकर उसके घर बालाघाट आये थे। इसी दौरान चोरों ने धावा बोल सोने चांदी के जेवरात व अन्य सामान पार कर दिया।